बरेली, सोमवार
4 अगस्त, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 4: MIDDLE

# चार दिनों दा प्यार हो रब्बा लंबी...

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (3 Aug):** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम गायन वादन के साथ सूफी स्कोर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. गायन और वाद्ययंत्रों के गुरुओं संग उनके विद्यार्थियों ने इसमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. सूफी स्कोर का आरंभ वादन गुरुओं सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), सूरज पांडेय (बांसुरी), अमरनाथ (तबला), अनुग्रह सिंह (ड्रम), विशेष सिंह (गिटार), प्रयाग श्रीवास्तव (सितार), ऋषभ आशीष पाठक (ढोलक), रॉनी फिलिप्स (सैक्सोफोन) और अभिनव (की-बोर्ड) ने अपने वाद्ययंत्रों के मधुर स्वर बिखेर कर किया. गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने फिल्म हीरो के गाने लंबी जुदाई को अपनी आवाज में प्रस्तुत किया. गायन के विद्यार्थियों शालिनी पांडेय, अंशुमा अग्रवाल, स्वरित तिवारी, सोनम्म गुआल ने गीत तुम्हें दिल लगी भूल जानी पड़ेगी को अपनी आवाज दी.